मानव बुद्धि व एआई के समन्वय पर डाला प्रकाश

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को सम्मानित करते आयोजक। स्रोत : विद्यापीठ

सोनीपत (वि)। ऋषिकुल विद्यापीठ, सोनीपत में शनिवार को वार्षिक समारोह मनाया गया। इसकी थीम इवॉल्व- द एआई ओडिसी, ह्यूमन इंटेलिजेंस-लर्निंग, अडॉप्टिंग एंड इवॉल्विंग विद एआई रखी गई। इसके माध्यम से मानव बुद्धि और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के समन्वय पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और विशिष्ट अतिथि सोनीपत के विधायक निखिल मदान, देवेंद्र कौशिक रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यालय की तरफ से शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों और विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभा की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि बदलते डिजिटल युग में छात्रों को तकनीक के साथ स्वयं को निरंतर अपडेट करते हुए मानव मूल्यों को सर्वोपरि रखना चाहिए। विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा ने उन्हें सम्मानित किया। विद्यालय निदेशक धीरज शर्मा ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नवाचार, तकनीक की समझ और मानवीय संवेदनाओं के संतुलित विकास को प्रोत्साहित करना है।

आउटरीच डायरेक्टर अर्चना शर्मा के मार्गदर्शन में छात्रों ने प्रदर्शनी लगाई। प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य कृति चौधरी, मिडिल शाखा प्रभारी निशा शर्मा, प्राइमरी शाखा प्रभारी सुरभि उपस्थित रहे।